फा.सं.डी-50/01/2014-एनएमआरएफ

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

ए-50, सेक्टर 62, नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश

दिनांक: 4 .02.2020

विषय:-नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएड़ा की 39वीं बैठक

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नोएडा में दिनांक 29.1.2020 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नोएड़ा की 39वीं बैठक का आयोजन किया गया। नराकास के अध्यक्ष श्री संजय कुमार गंगवार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कर्नल मनीष पाठक, सचिव, भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, नोएडा, श्री अरविन्द कुमार, सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), नोएड़ा तथा कार्यालय से डॉ.ई.एन.राजगोपाल, कार्यालय प्रमुख व वैज्ञानिक 'जी' तथा श्री मनोज गुप्ता, निदेशक (प्रशा./स्था.) एवं विभिन्न कार्यालयों से आये कार्यालय प्रमुखों/हिंदी प्रभारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई । बैठक में उपस्थित अन्य कार्यालयों से आये कार्यालय प्रमुखों एवं हिंदी प्रभारियों का स्वागत किया। बैठक में लगभग 120 की लोगों की पंजीकरण के दौरान उपस्थिति दर्ज की।

1. नराकास के सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी कार्यान्वयन के नगर स्तर पर समय –समय पर हिंदी प्रतियोगिताएं/कार्यशाला/संगोष्ठी का आयोजन करना आवश्यक होता है।

2. बैठक में 30.06.2019 को समाप्त छमाही की हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सदस्य सचिव, नराकास ने अवगत कराया कि राजभाषा कार्यान्वयन की उत्कृष्टता के आधार पर प्राप्त सभी रिपोर्टों को तीन श्रेणियों क्रमश: 'क', 'ख' एवं 'ग' में विभाजित किया गया है।

3. वर्ष 2018-19 में उत्कृष्ट कार्य हेतु सदस्य कार्यालयों को राजभाषा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2018-19 में हिंदी के कार्य की प्रगति के लिये **राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र** को **प्रोत्साहन-2 पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

4. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को दी जाने वाली अंशदान राशि 2,000/रु.से बढ़ाकर 5,000/-रु. नराकास के सदस्य सचिव द्वारा प्रस्ताव दिया गया।

बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, नराकास, सचिव और सदस्य सचिव को कार्यालय प्रमुख की ओर से स्मृति चिन्ह भेट की तथा यह भी अवगत कराया कि कार्यालय में 3 फरवरी, 2020 को दूसरी हिंदी वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में रूचि रखने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वागत है।

बैठक धन्यवाद के साथ संपन्न हुई।

(मनोज गुप्ता)
निदेशक (प्रशा./स्था.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ए-13, सैक्टर, 1 नोएडा उत्तर प्रदेश
2. संयुक्त निदेशक (रा.भा.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, नई दिल्ली
3. सहायक निदेशक, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, नई दिल्ली
4. प्रमुख महोदय के निजी सहायक, रा.म.अ.मौ.पू.कें
5. डॉ.बी.अतियमन, वैज्ञानिक 'एफ' (कार्यालय की वेबसाइट के सूचना पट्ट में अपलोड करने हेतु अनुरोध)
6. गार्ड फाइल।